
हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 28 मार्च 2026

06 भारतीय पद्धति सर्वश्रेष्ठ, विदेश यात्रा सिर्फ...



07 धूमधाम से निकाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा...





## खबर संक्षेप

### पेट्रोल-डीजल आपूर्ति को लेकर डिपो में बैठक आयोजित

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार एसडीएम अमन मिश्रा ने सागर जिले के नरयावली स्थित एचपीसीएल एवं आईओसीएल डिपो में डिपो इंचार्ज के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में जिले में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता, स्टॉक की स्थिति तथा आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। एसडीएम मिश्रा ने डिपो में उपलब्ध स्टॉक की जानकारी प्राप्त कर वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पेट्रोल-डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक के पश्चात एसडीएम द्वारा डिपो प्लांट का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान सुरक्षा मानकों एवं संचालन व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

### महावीर जयंती के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय कार्यक्रम 28 मार्च से

**सागर।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक चैत्र शुक्ल त्रयोदशी और गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर के डेढ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुनि श्री महासागर महाराज के ससंघ सानिध्य मे कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण मे 28 मार्च की सुबह 150 कलशो से महामस्तकाभिषेक होगा। मुनि संघ के मंगल प्रवचन के बाद दोपहर मे सागर नगर की पाठशालाओ की शिक्षिकाओ का अधिवेशन रखा गया है। सायंकाल आरती और गौराबाई महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जावेगे। 29 मार्च नित्यमह पूजन अभिषेक के बाद मुनि संघ के प्रवचन होगे। जिसके बाद जैन मिलन मुख्य शाखा के तत्वावधान मे अहिंसा वाहन रैली निकाली जावेगी। सुबह दस बजे से आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मे भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय के चिकित्सको द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जावेगा। सायंकाल 150 दीपक से महाआरती होगी और वर्धमान शाखा महिला मंडल अंकुर कॉलोनी द्वारा चंदना की सुगंध नाट्य प्रस्तुति दी जावेगी। 30 मार्च को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वावधान मे गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर से श्रीजी की विमान शोभायात्रा आकर्षक चल समारोह के साथ शुरू होगा। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर वर्णी भवन मोराजी पहुंचेगा। जहा पर श्रीजी के विशेष अभिषेक के बाद चल समारोह वापस कटरा नमक मंडी आयेगा। दोपहर मे 150 कलशो से विशेष अभिषेक संपन्न कराया जायेगा। सायंकाल 1008 दीपक प्रज्ज्वलित कर महाआरती होगी। गौराबाई महिला मंडल द्वारा पालना झुलाओ कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा।

### जिला अस्पताल परिसर में आग से संबंधित कार्यशाला और डेमो प्रदर्शन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में आज जिला अस्पताल सागर में अनुविभागीय अधिकारी सागर, जिला सेनानी, फायर ऑफिसर, व अस्पताल प्रभारी अभिषेक ठाकुर के उपस्थिति में एसडीईआरएफ/होमगार्ड स्टाफ एवं नगर निगम सागर के संयुक्त दल द्वारा जिला अस्पताल परिसर में आग से संबंधित कार्यशाला एवं डेमो प्रदर्शन किया गया। जिसमें आग का परिचय, प्रकार तथा आग बुझाने के तरीकों एवं फायर उपकरणों का उपयोग कैसे करें आदि की जानकारी फायर ऑफिसर कुरैशी नगर निगम द्वारा व एसडीईआरएफ जवानो द्वारा धुआं में फंसे जवानों को खोज बचाव के बारे में जानकारी दी गई। तथा अस्पताल स्टाफ से प्रैक्टिस करा कर सभी से शक सवाल पूछा गया तत्पश्चात कार्यक्रम समापन किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान से संवर रही देवरी की सुखचौन नदी

# तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया व सीएमओ केबी बघेल ने बताया जल स्रोतों के पुनर्जीवन से बढ़ेगा जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत देवरी नगर में जीवनदायिनी सुखचौन नदी के पुनर्जीवन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। यह अभियान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में नगर पालिका द्वारा देवरी की सुखचौन नदी की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन, तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवरी के.बी. बघेल एवं पार्षद संजय चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात जेसीबी मशीनों के माध्यम से नदी के सफाई कार्य की शुरुआत की गई।



नगर पालिका अध्यक्ष नेहा जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि "जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक योजना नहीं, बल्कि जन-जन की भागीदारी से जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सुखचौन नदी का पुनर्जीवन नगर के पर्यावरण संतुलन और जल संकट के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया ने कहा कि "प्रदेश शासन की यह पहल आने वाले समय में जल स्तर को बढ़ाने और परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने में मील का पत्थर साबित होगी। प्रशासन और आमजन के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। पार्षद संजय चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि "नदियों, तालाबों और बावड़ियों का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अभियान के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण का मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवरी के.बी. बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कलेक्टर के निर्देश एवं मार्गदर्शन में देवरी नगर की जीवनदायनी नदी के सौंदर्यकरण, साफ सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है, समस्त जल स्त्रोतों को पुनः जीवित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत न केवल नदी की साफ-सफाई की जाएगी, बल्कि उसके सौंदर्यीकरण और जल धारण क्षमता को बढ़ाने के लिए भी कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर पार्षद काशीराम पटेल, नारायण बाल्मिक, पटवारी रशीद खान, सोनू साहू, मुकेश नामदेव, संदीप पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।अभियान का उद्देश्य प्रदेश की जीवनदायिनी नदियों, ऐतिहासिक घाटों, प्राचीन कुओं एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं पुनर्जीवन करना है, ताकि जल संकट से निपटने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन को भी बनाए रखा जा सके।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

### पत्नी को लेने दलपतपुर जा रहा था युवक, सिविल अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई-पठारी रोड पर दलपतपुर गांव के पास गुरुवार रात सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अज्ञात कार चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। पठारी, जिला विदिशा निवासी सुरेंद्र पिता सुखलाल आदिवासी (26) अपनी पत्नी को लेने के लिए अपने गांव से दलपतपुर जा रहा था।मुख्य सड़क से दलपतपुर गांव जाने वाली सड़क पर जैसे ही उसने अपनी बाइक मोड़ी, तभी खुरई की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क किनारे बने गड्ढे में जा गिरा। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। घायल सुरेंद्र आदिवासी ने बताया कि वह अपनी पत्नी को लेने ससुराल जा रहा था, तभी अज्ञात कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया।



## गढ़ाकोटा नगर में चार वार्ड चौराहा पर सजता है माता का दरबार

**गढाकोटा।** सागर जिले के चार वार्ड स्थित साहू चौराहा क्षेत्र एक बार फिर गहरी आस्था और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया, जहां मां बीजासेन दरबार में वर्षों पुरानी परंपरा के तहत जवारे बोने और पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक परंपरा स्वर्गीय करोड़ी साहू के निवास से जुड़ी हुई है, जिसे उनके परिवार और समाजजन पिछले कई दशकों से निरंतर निभाते आ रहे हैं। चैत्र मास के पावन अवसर पर परमा से नवमी तक चलने वाले इस आयोजन में घट स्थापना के साथ ही विधि-विधान से जवारे बोए गए। प्रतिदिन सुबह-शाम भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंचकर मां की पूजा-अर्चना करते रहे और दरबार में भक्ति का वातावरण बना रहा। भजन-कीर्तन और आरती के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की। अष्टमी के दिन विशेष आकर्षण का केंद्र रही सार्वजनिक महाआरती, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में गूंजते भजनों और जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। महिलाओं ने भक्ति गीत गाकर कार्यक्रम को और अधिक भावपूर्ण बना दिया। नवमी के दिन परंपरा अनुसार विशेष पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने खप्पर लेकर और महिलाएं सिर पर घट रखकर खैर माता मंदिर की ओर प्रस्थान किया। यहां पूजन-अर्चना के उपरांत सभी ने सामूहिक रूप से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात सुनार नदी में विधिवत रूप से जवारों का विसर्जन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजकों में बेनी प्रसाद साहू एवं एन.आर. साहू ने बताया कि उनके पिताजी के निधन के बाद भी इस परंपरा को पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ निभाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में समाज के सभी वर्गों का विशेष सहयोग मिलता है, जिससे यह धार्मिक कार्यक्रम हर वर्ष और अधिक भव्य रूप लेता जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में आलोक साहू (पार्षद) देवास, डॉ. अजय साहू सागर, बंटी साहू, रम्मू मामा, पत्तम मेम्बर, रमेश साहू शिक्षक रामरतन पटेल, नितिन साहू, पत्रकार ,गोकल साहू, विपिन साहू, अनिल साहू, नरेन्द्र मिश्रा इंजीनियर अनमोल साहू देवास, सहित अनेक श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा। समापन अवसर पर विशेष आरती का आयोजन किया गया और शाम को जवारों का विसर्जन कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।



## चैत्र नवरात्रि में सिंहस्थ गरबा उत्सव के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान और स्वच्छता का संदेश

**सागर।** विकासखंड सागर के जन अभियान परिषद एवं सामाजिक संगठन सिंहस्थ परिवार एनजीओ द्वारा, ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील के किनारे गणेश घाट पर 1605 इसवी में बने शिव पार्वती मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव का आयोजन हुआ। जिस में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। अयोजन में महत्तवपूर्ण बात यह है कि गरबा के साथ-साथ मध्य प्रदेश सरकार के जल गंगा संवर्धन के अंतरगत जल स्त्रोत का पूजन किया गया और जल के महत्व को समझा गया। सागर नगर स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछले वार से भी अच्छी रैंकिंग प्राप्त हो सके, इसके लिए सभी से अपील की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स डिग्री को कोलेज के प्रचार्य प्रोफेसर आनंद तिवारी द्वारा नवदुर्गा पूजा और नदी, तालाब के महत्व पर प्रकाश वचन से हुआ। इस योजना में जन अभियान परिषद, के परामर्शदाता संदीप, गौरव राजपूत साहित एमएसडब्ल्यू के छात्र शामिल हुए। अपर लोक अभियोजक दीपक पौराणिक द्वारा जल संरक्षण संकल्प दिलाया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष निकेश गुप्ता ने जल गंगा संवर्धन पर लोगो को सूचित किया। स्मार्ट सिटी ब्रांड अंबेसडर प्रकृतिप्रेमी महेश तिवारी ने स्वच्छता सर्वेक्षण में सभी से सहयोग का निवेदन किया. सिंहस्थ एनजीओ अध्यक्ष लकी सोनी ने इस अदभुत आयोजन पर सभी को बधाई और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम आभार अश्वनी चौबे ने माना।इस कार्यक्रम के आयोजन में पलक चोबे, शिवानी चोबे, अभिषेक पटेल, अमित घारू, सिद्धार्थ पटेल, शिवानी, सर्वेश, अभय, मंदिर पुजारी जी आरोही, रामनारायण का विशेष योगदान रहा।

## रामराज्य का आधार सत्य, न्याय और करुणाः युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ग्राम भापेल में आयोजित श्री राम नवमी महामहोत्सव एवं प्रभात फेरी सम्मेलन में शामिल हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय और लोक-कल्याण के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इसी पावन दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म अयोध्या में माता कौशल्या के पुत्र के रूप में हुआ था। राम का चरित्र हमें यह सिखाता है कि नेतृत्व आदेश से नहीं, बल्कि आचरण से स्थापित होता है और सत्ता का उद्देश्य उपभोग नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व निभाना है।अविराज सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, सेवा और मर्यादा का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने बताया कि राम ने यह सिद्ध किया कि सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति अकेला होकर भी अधर्म की विशाल सेना को परास्त कर सकता है। राम अपनी प्रजा के दुख में दुखी और उनके सुख में प्रसन्न रहने वाले सच्चे लोकनायक थे। उनका जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है और यह संदेश देता है कि सच्चा नेतृत्व सेवा और समर्पण से ही संभव है।



उन्होंने कहा कि मनुष्य का वास्तविक चरित्र संकट के समय ही निर्मित होता है। भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व भी राजमहलों में नहीं, बल्कि 14 वर्ष के कठिन वनवास के दौरान निखरकर सामने आया।

उन्होंने कहा कि आपकी क्षमता आपको शिखर तक पहुंचा सकती है, लेकिन आपका चरित्र ही आपको वहां बनाए रखता है। मनुष्य योजनाएं बनाता है, किंतु नियति अपना मार्ग स्वयं चुनती है। श्रीराम का वनवास उसी नियति का वह चरण था, जिसने उन्हें 'ईश्वर' के रूप में स्थापित कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिव धनुष भंग कर भगवान राम ने यह सिद्ध किया कि योग्यता तभी प्रकट होती है, जब व्यक्ति चुनौतियों को स्वीकार करता है। अविराज सिंह ने कहा कि राम होना सरल नहीं है, क्योंकि इसका अर्थ है अपनी इच्छाओं का त्याग कर समाज के सुख को सर्वोपरि रखना। राम समुद्र की तरह गंभीर और हिमालय की तरह धैर्यवान हैं।

उन्होंने कहा कि "कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिर-सुमिर नर उतरहिं पारा", अर्थात कलियुग में राम नाम ही मुक्ति का आधार है। रामराज्य ईंट-पत्थरों से नहीं, बल्कि सत्य, न्याय और करुणा के स्तंभों पर खड़ा होता है।

## कृषि विभाग द्वारा जिले के कृषकों से की जा रही नरवाई ना जलाने की अपील, दिखाई दे रहा है असर

**सागर।** जिले के समस्त कृषको से सागर कृषि विभाग नरवाई ना जलाने की अपील लगातार कर रहा है इसी क्रम मे रहली विकासखंड के कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर किसानो से गेहुँ की कटाई उपरांत नरवाई नही जलाने की समझाइश दे रहे जिसका असर अब धरातल पर भी दिखाई दे रहा है, रहली विकासखंड के गढ़ाकोटा तहसील के विभिन्न गाँवो के किसान इस वर्ष नरवाई नही जला रहे बल्कि उस नरवाई का भुसा बनाकर पशु आहार के रूप मे और भुसा बेचकर अतिरिक्त कमाई कर रहे। गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम कुमेरिया और खिरियाखवाँस के है जहा किसान हार्वेस्टर से कटाई उपरांत बची नरवाई का भुसा बनवा रहे, किसानो ने बताया की भुसा बेचकर अतिरिक्त आय भी मिल रही और घर के पशुओं के आहार की व्यवस्था भी हो रही साथ ही साथ पर्यावरण को किसी प्रकार का नुकसान भी नही हो रहा।

## महावीर जयंती पर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी निर्धारित

**सागर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार 30 एवं 31 मार्च को भगवान महावीर स्वामी जयंती के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। जारी आदेशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं प्रमुख स्थलों पर अधिकारियों की तैनाती की गई है जिसमें तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट संदीप तिवारी को कटरा चौकी एवं कोतवाली सागर क्षेत्र, तहसीलदार राहुल गौड़ को मोतीनगर थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार प्रतीक रजक को कैंट थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार प्रवीण दुबे को सिविल लाइन थाना क्षेत्र, नायब तहसीलदार रतनसिंह गौड़ को बाघराज माता मंदिर क्षेत्र, नायब तहसीलदार देवेंद्र पटेरिया को मकरोनिया थाना क्षेत्र तथा नायब तहसीलदार हरिमोहन नायक को गोपालगंज थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु नियुक्त किया गया है।

## पेट्रोल-डीजल आवश्यकता अनुसार ही लें और उपयोग करें: एसडीएम

**खुरई।** गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में पेट्रोल पंप संचालकों की एसडीएम मनोज चौरसिया में बैठक ली। उन्होंने बैठक में निर्देश दिए कि सामान्यतः पेट्रोल, डीजल का वितरण किया जाए। अगर कोई स्टॉक कर रहा हो तो इसकी सूचना दी जाए। पर्याप्त मात्रा में डीजल, पेट्रोल उपलब्ध है कोई भी पैनिक न हो। आवश्यकता के अनुसार ही ले और उपयोग करें। स्टॉक करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोल पंपों का निरीक्षण भी बीच-बीच में किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार डॉ. राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

## संपत्तिकर, जलकर की पुरानी बकाया राशि जमा करने पर 31 मार्च तक दी जाए छूट

**सागर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने में अब केवल चार दिन शेष रह गए हैं। नगर निगम क्षेत्र के ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने अभी तक संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा नहीं की है, उनके लिए यह अंतिम अवसर है। शासन द्वारा वर्तमान संपत्तिकर में दी जा रही 50 प्रतिशत की छूट 31 मार्च के बाद पूर्णतः समाप्त कर दी जाएगी, जिसके पश्चात उपभोक्ताओं को 1 अप्रैल से दोगुनी राशि का भुगतान करना होगा। नगर निगम आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में बकायादारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 31 मार्च तक विशेष छूट योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा करने पर अधिभार में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान की जा रही है। और वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही स्वतः समाप्त हो जाएगी। आयुक्त खत्री ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए समय सीमा के भीतर अपने समस्त बकाया करों का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अंतिम दिनों में भीड़ से बचने के लिए नागरिक समय रहते नगर निगम के काउंटरों, म्युनिसिपल स्कूल कटरा बाजार में एवं ऑनलाइन पोर्टल,एम पी ई नगर पालिका एप के जरिए भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 1 अप्रैल के बाद बकाया कर जमा करने पर न केवल छूट समाप्त हो जाएगी, बल्कि नियमानुसार अधिभार सहित राशि दोगुनी हो सकती है, जिससे उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक भार बढ़ेगा। इसलिए सभी नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदार नागरिक का परिचय देते हुए नगर निगम के राजस्व में सहयोग प्रदान करें।नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में कर वसूली हेतु बकायादारों को व्यक्तिगत रूप से सूचित कर समय पर संपत्तिकर,जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### आरोपः अधिकारी कार्यालय में बैठकर बिना जांच पड़ताल के एनओसी जारी कर रहे

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खिलाफ शिवसेना ने खोला मोर्चा! कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मकरोनिया में बिना निरीक्षण उद्योगों को सीटीओ व एनओसी जारी करने वाले क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों पर कार्रवाई की माँग को लेकर शिवसेना ने सागर कलेक्टर संदीप जी आर को ज्ञापन सौपा। शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मिलीभगत से रेड एवं ऑरेंज ज़ोन सहित अन्य उद्योगो को नियम विरुद्ध एनओसी लेकर चल रहे है जहाँ प्रदूषण विभाग द्वारा लगभग 135 उद्योगों को सीटीई व सीटीओ प्रमाण पत्र जारी किया लेकिन अनआपत्ति प्रमाण पत्र देते समय साइड पर अधिकारियों ने मात्र 2 उद्योगों पर निरीक्षण किया । और वही उद्योगों से निकलने वाले धुए या गंदे पानी की लैब द्वारा कोई जांच ही नहीं की गई तो फिर निरीक्षण रिर्पोट में सब कुछ सही कैसा मना । प्रदूषण व गंदा पानी रोकने वाले लगभग 237 यंत्र सिर्फ कागज़ों पर लगाए गए या फिर बंद पड़े हुए है। विभाग द्वारा उनके बिजली बिलों की जांच नहीं की गई जबकि उक्त यंत्रों का 24 घंटे चलना अनिवार्य है। प्रदूषण मापने वाले फ्लो मीटर लगे ही नहीं या बंद पड़े है। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने आरोप लगाया क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी लाखो रुपये लेकर कार्यालय में बैठकर बिना जांच पड़ताल के एनओसी जारी कर रहे है। डिफाल्टर बंसल हॉस्पिटल पर कार्रवाई या जुर्माना लगने की वजह रात 12 बजे एनओसी रिन्यू कर जाते हैद्ध अधिकांश होटल स्टोन क्रेशर सर्विसिंग सेंटरों ने वर्षो से ( फ़ार्म बी) जमा नहीं किया और प्रदूषित कचरा पानी रहवासी नालियों में छोड़ा जा रहा है। जिसके प्रमाण कलेक्टर संदीप जी आर को शिवसेना द्वारा ज्ञापन के साथ सौंपा गए है। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने कहा मकरोनिया सहित जिले भर में सैकड़ो उद्योगों की एनओसी बैधता ख़त्म हो चुकी है तो कई के पास प्रदूषण विभाग की एनओसी ही नहीं है और विभाग के अधिकारी आंख बंद कर बैठे है और लाखो रुपये की वसूली कर रहे है। शीघ्र ही लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो शिवसेना एनजीटी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मुख्यमंत्री से शिकायत के साथ क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर का घेराव करेगी । ज्ञापन देने वालो में बलराज जोशी, अमन ठाकुर, आशुतोष तिवारी, सतीश अवस्थी आदि जैन, पंकज दुबे उपस्थित थे।




### अर्ली वोटिंग व डिजिटल सिस्टम ने खींचा ध्यान, कलेक्टर ने साझा किए अनुभव

# भारतीय पद्धति सर्वश्रेष्ठ, विदेश यात्रा सिर्फ अध्ययन के लिए : श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विदेशी चुनाव प्रणाली का अध्ययन करने दक्षिण कोरिया गए भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वहां की निर्वाचन प्रक्रिया, प्रबंधन और तकनीकी व्यवस्था का गहन अध्ययन किया। चार दिवसीय दौरे से लौटने के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा केवल चुनाव प्रणाली की विकसित होती जा रही तकनीक का अध्ययन और अनुभव साझा करने के उद्देश्य से थी। उल्लेखनीय है कि दक्षिण कोरिया गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने किया था। दक्षिण कोरिया की अर्ली वोटिंग व डिजिटल सिस्टम ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल का ध्यान जरूर अपनी ओर खींचा।




#### विश्व की सबसे मजबूत चुनाव पद्धति भारत की

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि भारतीय चुनाव पद्धति पहले से ही विश्व की सबसे मजबूत और विश्वसनीय प्रणालियों में से एक है। लेकिन चुनाव प्रणाली में विदेशो में अपनाई जाने बाली तकनीको की विशेषताओं का अध्ययन करने और संभावनाओं को तलाशने मात्र के उद्देश्य विदेशों की चुनाव पद्धति को देखा जाता है। क्योंकि प्रत्येक कार्य की पद्धति में सुधार या बेहतरीन प्रदर्शन के लिये समय के अनुसार बदलाव होना लाजमी होता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा दक्षिण कोरिया का दौरा किया गया।

**दक्षिण कोरिया की तकनीक अर्ली वोटिंग व डिजिटल प्रणाली पर है आधारित:** दक्षिण कोरिया की चुनाव प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कलेक्टर ने बताया कि दक्षिण कोरिया की चुनाव प्रणाली अत्यंत व्यवस्थित, पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत प्रणाली है। वहां लगभग 5 करोड़ की आबादी निवास करती है जिनके बीच चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह कंप्यूटरीकृत प्रबंधन से संचालित होती है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि हालांकि दक्षिण कोरिया में मतदान आज भी मतपत्र के माध्यम से ही होता है, लेकिन मतों की गणना और रिकॉर्डिंग अत्याधुनिक तकनीक से की जाती है, जिससे गड़बड़ी की संभावना बेहद कम रह जाती है।

#### विशाल भौगोलिक क्षेत्र, जनसंख्या व विविध परिस्थितियों में भारतीय प्रणाली सफल

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि इस दौरे के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक कर दोनों देशों की चुनाव प्रणालियों के अनुभव साझा किए। इस अध्ययन के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को सौंपी जाएगी, जिससे भविष्य में भारतीय चुनाव प्रणाली को और अधिक मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जा सके। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि भारत की चुनाव प्रणाली विशाल भौगोलिक क्षेत्र, बड़ी जनसंख्या और विविध परिस्थितियों के बावजूद सफलतापूर्वक संचालित होती है, इसलिए भारतीय पद्धति विश्व में सबसे बेहतर मानी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनाव प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी और मजबूत प्रणाली है। दक्षिण कोरिया की कुछ तकनीकी व्यवस्थाएं अच्छी हैं, जिनका अध्ययन किया गया है। अध्ययन रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को सौंपी जाएगी।

#### प्रोपोर्शनेट प्रतिनिधित्व प्रणाली कोरिया की मुख्य विशेषता

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि दक्षिण कोरिया में लगभग 300 संसदीय क्षेत्र हैं और वहां की चुनाव प्रणाली की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि वहां प्रोपोर्शनेट अर्थात आनुपातिक, समानुपातिक, या अनुपात आधारित प्रतिनिधित्व चुनाव प्रणाली लागू है। इस प्रणाली में केवल उम्मीदवार ही नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों को भी कुल मत प्रतिशत के आधार पर संसद में प्रतिनिधित्व मिलता है। इससे फायदा ये होता है कि इससे छोटी पार्टियों और विभिन्न विचारधाराओं को भी लोकतंत्र में स्थान मिलता है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि दक्षिण कोरिया में अर्ली वोटिंग सिस्टम भी लागू है। यदि कोई मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर है, तो वह चुनाव से दो दिन पहले देश के किसी भी नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर सकता है। विशेष कोड के माध्यम से कंप्यूटर से संबंधित क्षेत्र का मतपत्र उपलब्ध कराया जाता है, जिससे मतदाता को अपने क्षेत्र में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### जली फसलों का कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

# बकपुरा आगजनी पर प्रशासन सख्त पराली जलाने पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ग्राम बकपुरा में आगजनी की घटना से किसानों की फसलों को हुए नुकसान के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सूचना मिलने के तुरंत बाद ग्राम बकपुरा पहुंचकर आग से प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया और किसानों से चर्चा कर नुकसान की जानकारी ली। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आग से हुई क्षति का जायजा लिया तथा संबंधित विभागों को तत्काल सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने राजस्व, कृषि एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल क्षति का शीघ्र सर्वे कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाए, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि किसानों को राहत दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है और सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में खेतों में गेहूं एवं अन्य फसलों के डंठलों नरवाई या पराली को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं एवं अन्य विधिक प्रावधानों के तहत सख्त दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने भी घटना के कारणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं तथा किसानों को जागरूक किया जाए, ताकि आगजनी की घटनाओं से बचा जा सके। इस दौरान एसडीएम संस्कृति मुदित लटौरिया, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित राजस्व एबं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई या पराली में आग न लगाएं। थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी आगजनी की घटना हो सकती है, जिससे फसल, जमीन और पर्यावरण तीनों को भारी नुकसान होता है।

### शहर में भव्य चल समारोह शोभायात्रा निकाली

# नजरबाग में गूंजा 'भए प्रगट कृपाला' धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के प्राचीन नजरबाग मंदिर में शुक्रवार को श्रीराम जन्म महोत्सव पूरे धार्मिक उल्लास, भक्ति और भव्यता के साथ मनाया गया। दोपहर ठीक 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का आयोजन हुआ, जहां बधाई गीतों, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच भगवान का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया था, जिससे पूरा मंदिर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया।

भगवान श्रीराम के जन्म के पावन क्षण पर बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने भए प्रगट कृपाला स्तुति का सुमधुर गायन किया, जिससे मंदिर परिसर में उपस्थित हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। इस अवसर पर भगवान श्रीराम को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं को गुड़ और ड्राई फ्रूट से तैयार लगभग साढ़े तीन क्विंटल सिठौरा प्रसाद वितरित किया गया। श्रीराम जन्मोत्सव परिवार ने बताया कि नजरबाग मंदिर में वर्ष 2006 से भव्य श्रीराम जन्म महोत्सव मनाने की परंपरा लगातार जारी है और इस वर्ष यह आयोजन 21वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। महोत्सव की तैयारियों के तहत 11 मार्च से 26 मार्च तक शहर में प्रभात फेरियां निकाली गईं, जिनके माध्यम से घर-घर आमंत्रण पत्र और धर्म ध्वज वितरित कर लोगों को महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया और बधाई गीतों का कार्यक्रम दोपहर 2 बजे तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रीराम जन्म महोत्सव के अवसर पर शाम के समय शहर में भव्य चल समारोह शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां, घोड़े, बैंड-बाजे, डीजे और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रात्रि के समय नजरबाग मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। श्रीराम जन्म महोत्सव के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर, कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक, विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व बैंक अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मेले में खोई 8 वर्षीय बालिका को पुलिस ने मिलाया

# अपनों से गुम हुई मासूम का सहारा बनी संवेदनशील पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

नवरात्रि के अवसर पर जहां एक ओर बगाज माता मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ रहा था, वहीं दूसरी ओर एक परिवार के लिए मेला उस समय चिंता और दर्द का कारण बन गया, जब उनकी 8 वर्षीय मासूम बालिका भीड़ में अचानक गुम हो गई। परिजनों की आंखों में आंसू और दिल में डर था, लेकिन जिला पुलिस ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए कुछ ही समय में बालिका को सुरक्षित खोजकर परिजनों से मिलाया, जिसके बाद वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।



दरअसल, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा नवरात्रि के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान संवेदनशीलता, सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों के तहत 27 मार्च को बगाज माता मंदिर परिसर में ड्यूटी के दौरान एक 8 वर्षीय बालिका के गुम होने की सूचना मिलते ही पुलिस बल तुरंत सक्रिय हो गया। मौके पर तैनात पुलिस बल, मोबाइल पार्टी एवं मोटरसाइकिल पार्टी ने बिना समय गंवाए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में बालिका की तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने सूझबूझ और सतर्कता से सर्च अभियान चलाया और आखिरकार बूढ़ेरा रोड क्षेत्र से बालिका को सुरक्षित खोज लिया।

जब पुलिस टीम मासूम बच्ची को लेकर मंदिर परिसर पहुंची और उसे उसके परिजनों को सौंपा, तो माता-पिता अपनी बेटी को सीने से लगाकर रो पड़े। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद श्रद्धालु भी भावुक हो गए। परिजनों ने भावुक होकर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि पुलिस ने उनकी दुनिया उजड़ने से बचा ली। इस पूरी कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ड्यूटी निभाते हुए मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक परिवार की खुशियां वापस लौटाईं। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और समर्पण की सराहना की। पुलिस ने बताया कि नवरात्रि जैसे बड़े आयोजनों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार रहती है। वालिका के परिजनों ने भावनात्मक रूप में कहा कि जब हमारी बेटी मिली तो लगा जैसे हमें नई जिंदगी मिल गई। हम पुलिस का जीवनभर आभार मानेंगे।



# अमृत 2.0 मिशन में तेजी लाने के निर्देश, 19 परियोजनाओं की समीक्षा

**टीकमगढ़।** जिले में शहरी विकास को गति देने के उद्देश्य से अमृत 2.0 मिशन अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की, जिसमें नगरीय निकायों में चल रहे विकास कार्यों की स्थिति, समस्याओं और समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

उक्त बैठक में टीकमगढ़ विधायक प्रतिनिधि वीरेन्द्र सिंह परमार, खरगापुर विधायक प्रतिनिधि वीरेन्द्र मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मलिक, बल्देवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा, जतारा नगर परिषद अध्यक्ष रामजी नायक सहित विभिन्न नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत स्वीकृत सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति, तालाबों के पुनर्जीवन और हरित क्षेत्रों के विकास से शहरों में जीवन स्तर बेहतर होगा, इसलिए कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

> **शहरों के विकास पर प्रशासन का फोकस, जल और हरित परियोजनाओं पर जोर**

बैठक में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से जिले में संचालित 19 प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इनमें टीकमगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में शहरी पेयजल योजना, महेन्द्र सागर तालाब का जीर्णोद्धार एवं हरित क्षेत्र विकास, कारी नगर परिषद में वाटर बॉडी रीजुवनेशन एवं पार्क निर्माण, बड़ागांव धसान में पोखना तालाब का पुनर्जीवन और पार्क निर्माण, बल्देवगढ़ में पानी की टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार कार्य, ग्वाल सागर तालाब का सौंदर्यीकरण, खरगापुर में निर्भय सागर तालाब का विकास, पलेरा में पेयजल योजना एवं गजाधर तालाब का कायाकल्प, जतारा में वाटर बॉडी एवं पार्क निर्माण तथा लिधौरा में गोयरातालाब के पास पार्क और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शामिल हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं का तत्काल निराकरण किया जाए और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अमृत 2.0 योजना के माध्यम से शहरों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना शासन की प्राथमिकता है।

### ग्राम अमरपुर की घटना

# नरवाई की आग बुझाने गए बुजुर्ग की चपेट में आने से हुई मौत

**बड़ागांव धसान।** क्षेत्र में नरवाई की आग ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। खेत में लगी भीषण आग को बुझाने पहुंचे 70 वर्षीय बुजुर्ग खुद ही आग की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार अमरपुर गांव निवासी 70 वर्षीय तिजऊआ अहिरवार को जैसे ही अपने खेत में खड़ी नरवाई में आग लगने की सूचना मिली, वह तत्काल आनन-फानन में अपने खेत पर पहुंच गए। वहां पहुंचकर उन्होंने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग खुद ही उसकी चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए, जिससे उनकी खेत पर ही मौत हो गई।

उक्त घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां बुजुर्ग का शव खेत में पड़ा मिला। परिजनों द्वारा तत्काल बड़ागांव पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही



पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बड़ागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना प्रभारी जयंत गोयल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां एक बुजुर्ग का शव खेत पर पड़ा मिला। पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।

### सुरक्षा, पार्किंग, यातायात व खोया-पाया केंद्र की व्यवस्थाओं का संयुक्त निरीक्षण

# बगाज माता मेले का कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी बगाज माता मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बगाज माता मंदिर परिसर पहुंचकर व्यवस्थाओं का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, खोया-पाया केंद्र तथा मंदिर परिसर में आने-जाने के मार्गों का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम वातावरण मिलना चाहिए।




कलेक्टर श्रोत्रिय एवं पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने विशेष रूप से भीड़ प्रबंधन, वाहन पार्किंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही व्यवस्थित कर ली जाएं और मेले के दौरान लगातार मॉनिटरिंग की जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं से भी संवाद किया तथा व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव लिए। अधिकारियों ने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय एवं पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बगाज माता मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना भी की। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से आश्वस्त किया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। प्रशासन के द्वारा मेले में प्रमुख व्यवस्थाएं की गईं है जिनमे मंदिर परिसर में पुलिस बल की तैनाती, अलग-अलग निर्धारित किये गये पार्किंग स्थल, खोया-पाया केंद्र की स्थापना, प्रवेश एवं निकास मार्ग अलग-अलग किये जाना, यातायात व्यवस्था के लिए विशेष प्लान, आपातकालीन सहायता व्यवस्था शामिल है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मेले के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़े करें, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतें और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन का लाभ मिल सके।

### झांकियों ने बांधा समा, रथ पर सवार होकर चले प्रभु श्रीराम

# धूमधाम से निकाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा, अयोध्या सा नजारा दिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव चैत्र शुक्ल नवमी शुक्रवार को शहर श्योपुर सहित जिलेभर में पारम्परिक हर्षोल्लास और श्रद्धा-भावना के साथ मनाया गया। शाम 04 बजे शहर के एतिहासिक सोनघाट स्थित श्रीरामजानकी मंदिर से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे शहर को अयोध्यामय बना दिया। शहर में इससे पहले इस तरह की सजावट कभी देखने को नहीं मिली।

शोभायात्रा के दौरान सजाई गई कई मनमोहक झांकियों ने समा बांध दिया। शोभायात्रा में जहां एक रथ पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा राजस्थान से मंगवाए गए रथ पर सवार होकर चल रही थी। वहीं दूसरे रथ में भगवान श्री राम दरबार विराजित होकर चल रहा था। शोभायात्रा में नासिक से आई टीम जिस तरह ढाले ताशे बजा रही थी,उससे एक अलग तरह का नजारा शोभायात्रा के दौरान निर्मित हो रहा था।

भगवान श्री राम के जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन किला स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में हुआ। जहां 12 बजते ही पूरे मंदिर परिसर में भव्य प्रगट कृपाला दीन दयाला कोशल्या हितकारी की गूंज गुंजायमान हो उठी। जन्मोत्सव मनाए जाने के दौरान मंदिर में भक्तों का तांता लग गया। इस दौरान भजन-कीर्तन और नृत्य का दौर भी दिनभर चलता रहा। शाम 04 बजे से यहां मंदिर से भगवान श्रीराम जी की शोभा यात्रा निकाली गई। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा गाजेबाजे के साथ किला रोड, मुख्य बाजार, गांधी चौक, जयस्तंभ होते हुए श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर पर पहुंची। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। कही पुष्प बरसाए गए तो कहीं आरती उतारी गई। डीजे की धुनों पर नाचते-गाते भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रात 09 बजे भगवान श्रीराम की यह शोभायात्रा श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर पहुंची, जहां भगवान श्रीराम की आरती के बाद यह शोभायात्रा पुनःमुख्य बाजार होते हुए रामजानकी मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में मंदिर के पुजारी रामभरोस महाराज सहित समिति अध्यक्ष राजेन्द्र मित्तल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य तथा सभी दलों के राजनीतिज्ञ एवं भारी संख्या में समाजसेवी व शहरवासी शामिल हुए।







#### हर द्वार पर आरती हुई, जगह-जगह लगे स्वागत स्टॉल

भगवान श्री राम की शोभायात्रा के स्वागत के लिए शहरवासी आतुर नजर आए। शहर में जगहज-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। लोगों ने अपने घर के आगे भगवान श्री राम की आरती उतार कर पूजा की। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए राजनैतिक व सामाजिक दलों के अलावा व्यवसायियों ने जगह-जगह स्टॉल लगाए थे। इन स्टॉलों पर शोभायात्रा में शामिल भक्तों को शीतल पेय पदार्थ, आईसक्रीम व स्वल्पहार कराया गया।

#### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था, चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

भगवान श्री राम जी की शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद अलर्ट रहा। पुलिस प्रशासन ने बाहर से भी पुलिस फोर्स बुलाया गया। शोभायात्रा के दौरान पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। शोभायात्रा के मार्ग पर कई जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। वहीं वीडियो कैमरे सहित ड्रोन कैमरे से भी निगरानी गई है।

### जिले की तीनों नगरीय निकायों में कार्यकाल के अंत में होगी नियुक्ति

# अब कार्यकर्ताओं को नगरपालिका और नगर परिषदों में एल्डरमैन बनवाएगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जो कार्यकर्ता किन्हीं कारणों से संगठन में आने आने से वंचित रह गए हैं उन्हें अब चुनावी आहट होते ही साधने की कवायद भाजपा ने सरकार के माध्यम से शुरू कर दी है। इस क्रम में विभिन्न नगर निकाय संस्थाओं में 1800 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को एल्डरमेन बनाने के लिए लिस्ट फाइनल कर दी गई है जिसमें श्योपुर जिले की तीनों नगरीय निकाय शामिल हैं।

राज्य सरकार ने एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) के 1800 से अधिक नामों की फाइनल सूची पर मुहर लगा दी है। इनमें ऐसे नेताओं को प्राथमिकता दी गई है जो नगरीय निकायों में प्रशासनिक और नगर पालिका व नगर पालिका अधिनियम के जानकार हैं। पार्टी संगठन ने विधायकों से नाम मांगे थे। एल्डर मेन नियुक्त करने की जो गाइड लाइन तय की गई है उसके अनुसार नगर निगम में 8-8 नगरपालिका में 6-6 एवं नगर परिषद में 4-4 एल्डरमैन नियुक्त किए जाने हैं। इस लिहाज से श्योपुर नगरपालिका में 6, विजयपुर तथा बड़ौदा नगर परिषदों में 4-4 एल्डरमेन नियुक्त किए जा रहे हैं।

# नगर मंडल अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को दिलाया आरोपियों को कठोर सजा दिलाने का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने शुक्रवार को शहर के वार्ड क्रमांक 11 में रहने वाले बाबूलाल बैरवा के बडे भाई जुगराज बैरवा के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि जिन आरोपियों के द्वारा घर में घुसकर परिवार के लोगों पर चाकूओ से हमला बोला है,उन आरोपियों के खिलाफ कठोर सजा दिलाई जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों बाबूलाल बैरवा के घर में रात्रि के दौरान तीन बदमाशों ने घुसकर उनके परिवार के लोगों पर चाकूओ से जानलेवा हमला बोल दिया था। हमले के दौरान बाबूलाल बैरवा, उनकी धर्मपत्नी, उनकी पुत्रियां ममता एवं अर्चना तथा पुत्र लोकेंद्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वर्तमान में सभी का इलाज मेडिकल कॉलेज, कोटा (राजस्थान) में जारी है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने पीडित परिवार को ढांढस बंधाने के साथही इस घटना को लेकर क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर एवं जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। साथ ही पीड़ति परिवार की बात वरिष्ठ नेतृत्व से भी करवाई गई। उन्होने पीडित परिवार के लोगो से कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार दलित एवं शोषित वर्ग के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है और न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के वार्ड 11 निवासी बाबूलाल बैरवा के घर में घुसकर किए गए हमले के विरोध में भीम आर्मी ने शुक्रवार को पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर को एसपी के नाम सौपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बाबूलाल ठेकेदार के घर में घुसकर असामाजिक तत्वों द्वारा अकारण परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे पूरा परिवार सदमे में बना हुआ है। इस मामले में पुलिस की ढिलाई आश्चर्य जनक है। लोगों को भय मुक्त वातावरण मिले इसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होती है लेकिन जिस तरह की घटना बाबू लाल ठेकेदार के घर में घुसकर की गई उससे सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह उठने लगा है। क्षेत्रीय बैरवा महासभा एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन, श्योपुर द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान चेतावनी भी दी गई कि अगर जल्दी सभी मांगे पूरी नहीं हुईं तो वह सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

### देहात थाना क्षेत्र के दुबडी गांव का मामला,दो पर एफआईआर दर्ज

# डीजे पर डांस की बात पर विवाद युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



देहात थाना क्षेत्र के ग्राम दुबडी में गुरूवार की रात को आई एक बारात में डीजे पर डांस करने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में दो बारातियों ने एक स्थानीय युवक पर चाकू से जानलेवा हमला बोल दिया। हमला करने के बाद आरोपी भाग निकले। देहात थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम दुबडी में गुरूवार की रात को बडौदा से बारात आई थी। बारात चढाई के दौरान डीजे पर डांस पर करने की बात को लेकर बारात में आए दो युवको से एक स्थानीय युवक अजय बैरवा पुत्र रामअवतार बैरवा से कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि बारात में शामिल रवि बैरवा निवासी जैनी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर अजय बैरवा पर चाकू से पांच छह वार कर दिए। जिससे अजय घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। उधर हमला करने वाले दोनो बाराती भाग निकले। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि इस मामले में घायल अजय बैरवा 20 वर्ष पुत्र राम अवतार बैरवा निवासी दुबडी की रिपोर्ट पर रवि बैरवा और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य कई धाराओ में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

#### कलमी में झगडा,पति पत्नी घायल

श्योपुर। देहात थाना क्षेत्र के गांव कलमी में बीती शाम को मकान बनाने संबंधी बात को लेकर दो पडोसी परिवारो में विवाद हो गया। विवाद के दौरान दो लोग घायल हो गए,दोनो घायल आपस में पति पत्नी है। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम कलमी निवासी अमर सिंह आदिवासी और रामू आदिवासी आपस में पडोसी है। गुरूवार की शाम को इनके बीच मकान बनाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान रामू आदिवासी और उसकी पत्नी पूजा आदिवासी ने मिलकर अमर सिंह आदिवासी और उसकी पत्नी राधा बाई की मारपीट कर दी,जिससे यह दोनो पति पत्नी घायल हो गए।

# आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रताड़ित करने वाले 06 आरोपी 48 घंटे में गिरफ्तार किए हैं। 26 दिसबंर 2024 को थाना नईसरांय में फांसी लगाने से मृत्यु होने पर से मर्ग क्रमांक 26/24 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।

जांच के दौरान मृतक राजू खान पुत्र लतीफ खान उम्र 30 साल निवासी रमतला मोहल्ला कोलारस जिला शिवपुरी का एंड्रोईड मोबाईल जप्त किया गया, मोबाईल में मृतक द्वारा आत्महत्या करने से पूर्व स्वयं के मोबाईल में बनाई गई वीडियो क्लिप की सत्यता की जांच के लिये मृतक के मोबाईल को सायबर सेल भोपाल भेजा गया। भोपाल से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर 06 आरोपियों के विरूद्ध आत्महत्या के लिये प्रेरित करने के संबंध में दिनांक 22.03.26 को अपराध क्रमांक 71/26 धारा 108,3(5) कायम कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र कंवर एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि मनीष सिंह गुर्जर द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीन टीमें गठित की गई। उक्त टीमें भोपाल, गुना एवं अशोकनगर के लिये रवाना की गयी। आपसी समन्वय स्थापित कर एक साथ दबिस देते हुये थाना जहांगीराबाद भोपाल के 56 चैराहा क्षेत्र से 02 आरोपी, इंदिरा कालोनी शाजापुर से 02 आरोपी, कुरैशी मोहल्ला नईसरांय से 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# आटो की टक्कर से बाइक सवार विधायक पुत्र गंभीर घायल,रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा का पुत्र नितिन मल्होत्रा बीती रात को उस समय ऑटो की टक्कर से घायल हो गया,जब वह बाइक पर सवार होकर पनवाडा मेला से कराहल की तरफ लौट रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए विधायक पुत्र को कराहल अस्पताल से रैफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि परिजन नितिन को इलाज के लिए पहले शिवपुरी और फिर ग्वालियर ले गए है।

#### सिलपुरी का सरपंच भी है विधायक पुत्र

सडक दुर्घटना में घायल हुआ विधायक पुत्र नितिन मल्होत्रा ग्राम पंचायत सिलपुरी का सरपंच भी है। वैसे तो जनपद पंचायत कराहल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिलपुरी में मुकेश मल्होत्रा सरपंच निर्वाचित हुए थे,लेकिन विजयपुर विधानसभा उप चुनाव के दौरान मुकेश मल्होत्रा विधायक निर्वाचित हो गए थे,इसलिए उन्होने सिलपुरी सरपंच पद से इस्तीफा सौप दिया था। उनके इस्तीफे के कारण खाली हुए सिलपुरी ग्राम पंचायत के सरपंच पद पर विधायक के बेटे नितिन सरपंच निर्वाचित हो गए।

यह हादसा गुरूवार की रात पौने नौ बजे उस समय घटित हुआ,जब नितिन मल्होत्रा पनवाडा माता मंदिर पर आयोजित मेले को देखकर वापस कराहल लौट रहा था,। शंकरपुर गांव के नजदीक उसकी बाइक की ऑटो से भिडंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार नितिन मल्होत्रा गंभीर रूप से घायल हो गया है। कराहल थाना पुलिस ने का कहना है कि हादसा घटित हुआ है,लेकिन परिवार के लोग इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए फिलहाल थाने नहीं आए है। वे घायल को सीधे इलाज के लिए लेकर चले गए है।परिजन जब रिपोर्ट दर्ज कराने आएगे,तब उनकी रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

### अर्थ लाभ कमाने कई शाला प्रभारी कर रहे महिला स्व सहायता समूहों की झूटी शिकायतें

# पढ़ाने के बजाए जिले के 164 सरकारी स्कूलों में एमडीएम पकाने में रुचि ले रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




विजयपुर के एक सरकारी स्कूल में बच्चों के कागज पर रोटी रखकर भोजन करते हुए वीडियो क्या वावरल हुआ पूरे जिले में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत संचालित व्यवस्था में सुधार के लिए क्रांति शुरू हो गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर युद्ध स्तर पर ऐसे निरीक्षण हुए कि वैसे कभी हुए ही नहीं। जिन स्कूलों में थालियां नहीं थी वहां भी अचानक चमचमाती थालियां आ गई। कलेक्टर के निर्देश के बाद लगभग सभी स्कूलों में थालियों में भोजन करते बच्चों के फोटो अधिकारियों द्वारा डाले जाने लगे। लापरवाह समूहों को नोटिस चेतावनी दी गई पर निरीक्षण प्रक्रिया में उन स्कूलों को अनदेखा तब भी किया गया ओर आज भी किया जा रहा है जिन स्कूलों में महिला स्व सहायता समूह गठित नहीं हैं। वहां महिला स्व सहायता समूहों के स्थान पर शाला प्रबंधन समिति के नाम पर शिक्षक भोजन पकाने खिलाने का काम कर रहे हैं। चूंकि नया शिक्षा सत्र इस बार जल्द (एक अप्रैल से) शुरू हो रहा है ऐसे में नए जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन क्या जिले के 164 सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को भोजन बनाने के दंश से छुटकारा दिला पाएंगे?।

सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश है कि शिक्षकों को गैर शिक्षण कार्य में ना लगाया जाए ऐसी स्थिति में शाला प्रबंधन समिति के नाम से भोजन बनाने खिलाने को गैर शैक्षणिक कार्य न समझने वाले शिक्षकों पर ना तो प्रशासनिक अधिकारी कोई कार्रवाई करते हैं न ही विभाग क्योंकि इस काम में शाला प्रभारी को खासी इनकम इसलिए हो जाती है कि गुणवत्तायुक्त और मीनू अनुसार एमडीएम पकाने खिलाने की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर होती है शिकायत के अधिकार भी। अतिरिक्त लाभ कमाने के चलते और भी स्कूलों के प्रभारी महिला स्व सहायता समूहों की झूठी शिकायत कर उन्हें हटवाकर शाला प्रबंधन समिति के नाम पर खुद भोजन पकाने खिलाने का काम करने की जुगाड़ में लगे रहते हैं ताकि शाला प्रबंधन समिति के नाम पर उन्हें भोजन व्यवस्था बनाने का ठेका मिल जाए। श्योपुर की बात करें तो जिले में 164 स्कूलों में भोजन बनाने खिलाने का काम शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से शाला प्रभारी कर रहे हैं। शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य के ना जाए इसके सरकार और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बावजूद जिले में सरकारी शिक्षकों से मध्यान भोजन पकाने का काम कराया जा रहा है। दरअसल जिले के कक्षा एक से आठवीं तक के 952 सरकारी स्कूलों महिला स्व सहायता समूहों एवं 164 स्कूलों में शाला प्रबंधन समिति (एसएमसी) भोजन व्यवस्था संभाल रही है। एसएमसी के नाम पर यह व्यवस्था संबंधित स्कूल के एचएम चला रहे हैं।

#### सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर महिला समूह को सौंपी व्यवस्था

पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत पहले सरकारी स्कूलों में मध्यान भोजन पकाने और खिलाने की जिम्मेदारी शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से शिक्षकों द्वारा की जाती थी जिसके कारण शिक्षक पढ़ाने के बजाय दिनभर भोजन बनाने और खिलाने की तैयारी में ही जुटे रहते थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य नहीं कराने के निर्देश दिए जिसके बाद सरकार ने किसी भी सरकारी स्कूल में शिक्षकों मध्यान भोजन जैसी व्यवस्था संचालित करने पर पूरी तरह रोक लगा दी।

#### अर्थ लाभ कमाने के चक्कर में शिक्षक बना रहे भोजन


हालांकि शामन के स्पष्ट निर्देश है कि स्कूलों में मध्यान भोजन बनाने का काम स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से कराया जाए लेकिन विषम परिस्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर एमएमसी भोजन व्यवस्था संभाल सकती है ऐसे स्कूलों में जहां समूहों को लापरवाही के नाम पर हटाया गया हो वहां पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में एमसी को भोजन व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी दी जाती है यह व्यवस्था कुछ दिनों के लिए वैकल्पिक ही होती है हालांकि कागजों में एसएमसी विद्यार्थियों के अभिभावकों की संस्था होती है लेकिन इसका संचालन सचिव होने के नाते संबंधित शाला का हेडमास्टर ही करता है लिहाजा वो मध्यान भोजन व्यवस्था अपने हाथ में लेने के बाद फिर वापस नहीं जाने देना खुद के द्वारा मॉनिटरिंग करने के चलते खाना बने या ना बने या केसा भी बने कोई शिकायत नहीं करने वाला है। इसलिए भी एसएमसी के माध्यम से शिक्षकों के भोजन व्यवस्था बनाने का चलन जिले में चल रहा है।

#### इनका कहना...

पीएम पोषण शक्ति योजना की जिम्मेदारी डीपीसी ओर बीआरसी कार्यालय की होती है लेकिन यह मेरी प्राथमिकता रहेगी कि शिक्षक सिर्फ पढ़ाई कराएं उन्हें गैर शैक्षणिक कार्य में ना लगाया जाए। न ही उन्हें कहीं अटैचमेंट पर रखा जाए। जो शिक्षक अटैचमेंट पर इधर उधर जमे हैं उन्हें मूल संस्था में भेजा जाएगा।

**यश जैन**
**डीईओ श्योपुर**

# बाइक की टक्कर से घायल युवक से बाइक सवार लोगों ने की गाली गलौज,मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के किला रोड स्थित मोती टिकिया के पास बीती शाम को बाइक सवार युवक को दूसरी बाइक पर सवार लोगो ने टक्कर मारकर जख्मी कर दिया। जब जख्मी हुआ युवक अपने मोबाइल से टक्कर मारने वाली बाइक के फोटो खींचने लगा तो बाइक सवार लोगो ने उससे न केवल गाली गलौच की,बल्कि मोबाइल खींचे गए बाइक के फोटो भी डिलिट करने का प्रयास किया। लेकिन तभी मौके पर अन्य लोगो के पहुंच जाने से बाइक सवार लोग भाग निकले। कोतवाली पुलिस ने बताया कि गुरूवार की शाम को जब थान सिंह अपने दोस्त दलवीर गुर्जर के साथ डॉक्टरो को दिखाने श्योपुर आया था,तभी उसकी बाइक को मोती टिकिया के पास दूसरी बाइक पर सवार लोगो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक से नीचे गिरा थान सिंह जब अपने मोबाइल से टक्कर मारने वाली बाइक के फोटो खींचे तो उस पर सवार लोगो ने थान सिंह गाली गलौच करते हुए उसके मोबाइल से फोटो भी डिलिट करवाने का प्रयास किया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने थान सिंह की रिपोर्ट पर बाइक सवार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

#### इधर, गाय को कुल्हाडी मारकर किया जख्मी,केस दर्ज

देहात थाना क्षेत्र के गांव बगवाडा में नामजद आरोपी ने गाय को कुल्हाडी मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। देहात थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम बगवाडा निवासी रामभरत मीणा पुत्र मांगीलाल मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बाडे में घुसने की बात को लेकर आरोपी मांगीलाल बैरवा ने उसकी गाय को कुल्हाडी मार दी। कुल्हाडी के बार से गाय के आगे पैर लहूलुहान हो गए। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने मांगीलाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को तहसील अशोकनगर परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुपालन की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह, विनोद गंगवाल कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं नोडल अधिकारी (ईव्हीएम), रविन्द्र सूर्यवंशी कोषालय अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (ईव्हीएम) उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो 4 साल पुराना

**अशोकनगर।** खनिज विभाग अशोकनगर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला कर्मचारीरूपयों का लेनदेन करते हुए देखीं जा रही हैं। इस वीडियो में दावा किया जा रहा है कि विभाग में रूपयों का लेनदेन हो रहा है। वीडियो की जांच में पता चला कि यह 4 साल पुराना है जिसे एडिटिंग कर अपलोड किया गया है। इस वायरल वीडियों के बाद जब खनिज विभाग के अधिकारी वीरेन्द्र वर्मा से चर्चा की गई और उनकी जानकारी में यह वीडियो लाया गया तब उन्होंने कहा कि उक्त मामले की जांच की गई है जिसमें पाया गया है कि यह 4 साल पुराना वीडियो है जिसे काट छांट कर प्रसारित किया जा रहा है। जिस महिला कर्मचारी को दिखाया गया है उस महिला कर्मचारी के कार्यालय में इस तरह की कोई बैठक व्यवस्था भी नहीं है। वीडियो में महिला कर्मचारी और बाबू की जो बातें सुनाई दे रही हैं वह बाबू अप्रेल 2022 में ही सेवानिवृत हो गए हैं। उन्होंने पूरी तरह इसे फर्जी वीडियो बताया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत आजाद मोहल्ला अशोकनगर निवासी रूबीना खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से सलमान खान, मुनब्बर और शहवाज खां द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी कृष्णा ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भगोले और इन्दू बुन्देला और 3 अज्ञात लोगों ने होटल में घुसकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में अविरल जैन निवासी वार्ड न. 4 चंदेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भगोले बुन्देला, इन्दू बुन्देला और 3 अज्ञात लोग ग्राम नानकपुर और सकवारा के बीच उसे उठाकर ले गए और जान से मारने की धमकी दी और पैसों की मांग की गई। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीठला निवासी जितेन्द राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बकील राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बायवेनी निवासी देवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राघवेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चंदेरी पुलिस ने बांकलपुर निवासी बुन्देलसिंह लोधी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने मुंगावली निवासी मंगल सिंह सांसी के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

मामले में तीन फरार आरोपियों की पुलिस कर रही है तलाश

# 5 लाख की फिरौती के लिए अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



एसडीओपी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदेरी प्रशांत यादव द्वारा फिरौती के लिये अपहरण करने वाले एक आरोपी को घटना के कुछ घंटे बाद गिरफ्तार किया ।

25 मार्च में फरियादी कृष्णा ठाकुर द्वारा रिपोर्ट की कि आज दिनांक को दोपहर करीबन 03.30 बजे मेरे होटल नक्षत्र पैलेस पर भगोले बुन्देला, इंदु बुन्देला व अन्य एक व्यक्ति आये और किराये से रूम मांगने लगे, तो मैंने पहचान पत्र मांगा तो नहीं दिया। मैंने कमरा देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर मेरी मारपीट की गंदी-गंदी गालियां दी। उक्त रिपोर्ट पर से थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 176/2026 धारा 333,115(2), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया।

### अविरल जैन द्वारा भी कराया गया था मामला दर्ज

थाना चंदेरी में ही आवेदक अविरल जैन मुत्र राकेश जैन उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 4 नरसिंह मंदिर के पास चंदेरी द्वारा अपने आवेदन पत्र में दिनांक 25.03.26 के शाम करीबन 4 बजे अपने निजी कार्य से नानकपुर से सकवारा गांव अपनी मोटर साइकिल पर जाना बताया एवं बीच रास्ते में फोन करने के लिये रूका इसी बीच तीन लोग अपनी मोटरसाइकिल से आये जिसमे से एक व्यक्ति जिसका नाम इंदु बुंदेला था जिसने आवेदक को अपने साथ चलने का बोला आवेदक द्वारा मना करने पर उसे लात मारकर जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल पर दो और साथियों के साथ जिसमें से एक व्यक्ति का नाम भगोल बुंदेला एवं तीसरे व्यकित का नाम नहीं पता होना बताया।

आरोपीगणों द्वारा आवेदक को जबरदस्ती अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर नानकपुर से हिराबल तरफ ले गये एवं वहां पर ले जाकर मां बहिन की बुरी बुरी अश्लील गालियां दी एवं लात घूसों से आवेदक की मारपीट की जिससे उसके शरीर में जगह जगह मूंदी चोटें आयीं और कट्टा अड़ाकर उससे बोले कि अपने घर से पांच लाख रूपये मंगा नहीं तो तुझे जान से मार देगें।

**पुलिस ने आरोपियों की तलाश की, एक गिरफ्तार 3 फरार** आवेदक ने काफी देर तक उनके हाथ पैर जोड़े तब उन्होंने उसे डेढ़ घंटे 6.30 बजे तक का समय पैसे लाने के लिये दिया और उसे छोड़ दिया। आवेदक ने अपने घर पर आकर सारी घटना से अपने घरवालों को अवगत कराया। जिसके बाद वह अपने परिवार के साथ थाना चंदेरी रिपोर्ट करने आया। आवेदक की रिपोर्ट पर से थाना चंदेरी पर अपराध क्रमांक 177/2026 धारा 140(2), 126(2), 115(2), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। दौराने विवेचना अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर आरोपीगणों की तलाश हेतु जगह-जगह दबिस दी गई। मुखविर सूचना व तकनीकी संसाधनों का प्रयोग कर चंदेरी, प्राणपुर एंव आस-पास के गांव में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर घटना में सहयोगी एक आरोपी रानू राजा पुत्र राजपाल बुन्देला निवासी ग्राम टोडा हाल ग्राम प्राणपुर थाना चंदेरी को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय प्रस्तुत किया गया। एवं अन्य आरोपीगण 01. इंदु पुत्र छत्रपाल बुन्देला निवासी ग्राम टोडा 02. भगोले उर्फ रनवीर पुत्र बृजेन्द्र बुन्देला निवासी प्राम जमुसर 03. जगदीश पटेल (कुर्मी) निवासी बैलाताल ललितपुर की तलाश हेतु 03 पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिस दी जा रही। तीनों आरोपीगणों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## फरियादी को धमकाने वाला फरार पार्षद गिरफ्तार, सोशल मीडिया पोस्ट भी जांच के दायरे में, पुलिस ने निकाला जुलूस

पिछली 5 मार्च को अशोकनगर के सट्टा किंग आजाद खान के छोटे भाई पार्षद राशिद खान उर्फ चिन्ना एवं उसके साथी अल्ताफ द्वारा पठार मोहल्ला निवासी फरियादी गोपाल यादव के साथ मारपीट की गई थी। इस संबंध में 13 मार्च को फरियादी गोपाल यादव द्वारा आरोपी राशिद खान उर्फ चिन्ना एवं अल्ताफ खान के विरूद्ध थाना कोतवाली में रिपोर्ट करने पर अपराध क्रमांक 165/26 धारा 115(2), 296 (बी), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।उक्त प्रकरण के पश्चात 22 मार्च को आरोपी राशिद खान उर्फ चिन्ना द्वारा हथियार लेकर फरियादी के घर में घुसकर उसे थाने में रिपोर्ट करने पर धमकाया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई । जिस पर फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 195/26 धारा 331(6), 296(बी), 351(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। एसडीओपी अनुभाग अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चैहान ने उनि आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी हेतु रवाना की। आरोपी अपने पकड़े जाने के भय से घर से फरार हो गया था जिसे मुखबिर की सूचना पर 25 मार्च को विधिवत गिरफ्तार किया गया। फरारी के दौरान आरोपी राशिद उर्फ चिन्ना



खान द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर भीड़ एकत्रित कर विभिन्न समूहों के बीच धार्मिक एवं जाति सौहार्द खराब करने संबंधी पोस्ट की गई, उक्त संबंध में 26 मार्च को आवेदक अवतार सुमन निवासी बोहरे कालोनी द्वारा थाना कोतवाली में आरोपी राशिद उर्फ चिन्ना खान के विरूद्ध एक लेखीय आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर आरोपी के विरूद्ध अप.क्रमांक 196/2026 धारा 196 (1) (इ),223 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

## 'जल जीवन बिना जल सुरक्षित भविष्य की कल्पना भी नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि जल ही जीवन है और बिना जल के सुरक्षित भविष्य की कल्पना भी नहीं की जा सकती। छात्राओं की यह जिम्मेदारी है कि वे न केवल स्वयं जागरूक हों, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम प्रभारी मृणालिनी मिश्रा ने छात्राओं को जल बचाने के व्यावहारिक और आसान तरीके समझाते हुए कहा कि दैनिक जीवन की आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करके हम हजारों लीटर पानी बचा सकते हैं। हमें ब्रश करते या बर्तन धोते समय नल लगातार खुला नहीं छोड़ना चाहिए। वर्षा जल संचयन (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) को अपनाना चाहिए और आरओ मशीन से निकलने वाले व्यर्थ पानी का उपयोग पौधों की सिंचाई या घर की साफ-सफाई में करना चाहिए। जनसहभागिता से जल संरक्षण और संवर्धन के महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित इस आयोजन में छात्राओं के लिए विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिस्पर्धा के बाद घोषित किए गए परिणामों के अनुसार निबंध लेखन में अपने उत्कृष्ट विचारों के साथ निकिता अहिरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि राधिका घोषी ने द्वितीय और रमा ओझा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

वहीं अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए पोस्टर प्रतियोगिता में डॉली चौरसिया ने बाजी मारते हुए पहला स्थान पाया। पार्वती कुर्मी दूसरे और वेदिका पाठक तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त स्लोगन प्रतियोगिता में शब्दों के प्रभावशाली चयन के साथ रेनुका अहिरवार प्रथम, सोनम राय द्वितीय तथा दीक्षा तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में कॉलेज के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की सक्रिय सहभागिता अत्यंत सराहनीय रही। जिसके चलते पूरे परिसर में पर्यावरण प्रेम और जागरूकता का एक सकारात्मक माहौल बना। कन्या महाविद्यालय प्रशासन की ओर से यह संदेश दिया गया कि संस्था पर्यावरण संरक्षण और छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी सामाजिक सरोकार और जागरूकता से जुड़े ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि छात्राएं एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक की भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के

### पुलिस थाना दिनारा ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की

**दिनारा।** दिनारा थाना पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के द्वारा जिले मे शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिले मे अवैध गतिविधियों एवं आपराधिक प्रकरणों मे संलिप्त आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशों के पालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा डॉ.आयुष जाखड के मार्गदर्शन मे चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत अवैध शराब, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ के विरुध्द कार्यवाही करने वावत दिशा निर्देश दिये गये थे जिसके तहत दिनारा पुलिस द्वारा ईमली माता मंदिर के पास से आरोपिया मनीषा पत्नि पिंटू कंजर उम्र 25 साल निवासी ग्राम छितीपुर थाना दिनारा के कब्जे से 105 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब को मौके पर जप्त कर आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपिया के विरुध्द थाना दिनारा मे अपराध क्र 62/26 धारा 34 (2) आवकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीवध्द किया गया। कार्यवाही मे थाना प्रभारी दिनारा रविन्द्र सिह कुशवाह, सउनि सुल्तान सिह, प्र.आर. हिमांशु चतुर्वेदी . महिला आर. पूजा प्रजापति आर. रामपाल जाट, आर. राजेन्द्र कुशवाह, आर. नंदकिशोर माथुर, सैनिक सुरेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

देश-विदेश से प्राचीन ग्रंथों का शोध के लिए आते है लोग: संदीप

## छोटी बजरिया पहुंची अहिंसा पदयात्रा महावीर जयंती पर होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



अहिंसा पदयात्रा का शुभारंभ शुक्रवार को श्रुत धाम से होकर छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ जिनालय एवं श्री 1008 पारसनाथ पंचायती जैन मंदिर छोटी बजरिया में आकर प्रथम चरण में सम्पन्न हुआ। छोटी बजरिया जैन समाज के मंत्री आरके जैन ने बताया कि इस अवसर पर भगवान जी का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन ब्रह्मचारी संदीप भैया सरल के मुखारविंद से मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। इसके पश्चात भैया जी द्वारा प्रेरणादायक प्रवचन दिए गए। उद्बोधन में उन्होंने बताया कि श्रुतधाम की नींव फरवरी 1992 में छोटी बजरिया में रखी गई थी, जो आज केवल भारत ही नहीं बल्कि विश्व के अनेक देशों में जैन इतिहास एवं शोध केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। यहां देश-विदेश से लोग प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन एवं शोध के लिए आते हैं। जैन समाज, छोटी बजरिया के योगदान की सराहना करते हुए भैया जी ने भगवान महावीर स्वामी के पांच महान व्रत अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य एवं अपरिग्रह का महत्व बताते हुए सभी को इन सिद्धांतों पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा अभी जारी है। 28 मार्च को यह पदयात्रा पुनः श्रुतधाम से प्रारंभ होकर खुरई के लिए प्रस्थान करेगी तथा 30 मार्च महावीर जयंती के पावन अवसर पर इसका भव्य समापन किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में भगवान जी का गंधोदक सभी श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर जैन समाज छोटी बजरिया के अनेक गणमान्य सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया से संजय सिंह की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



भाजपा नेता संजय सिंह ने संचार भवन में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से स्थानीय समस्याओं को लेकर मुलाकात की और लिखित ज्ञापन देकर उनके शीघ्र निराकरण की मांग रखी। मुलाकात में संजय सिंह ने बताया कि बीना रिफाइनरी में स्थानीय लोगों को रोजगार देने में कंपनियां आनाकानी कर रही है और स्थानीय लोगों को परेशान कर रही है। किसानों को खेत तक जाने के लिए रास्ते बंद करके परेशान कर रही है और स्थानीय निवासियों से दुर्व्यवहार भी कर रही हैं। स्थानीय लोगों को रोजगार देने के साथ ही उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें अन्य कार्य दिलाने के लिए मांग की। इसके साथ ही बीना विधानसभा क्षेत्र की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बीएसएनएल के नेटवर्क में सुधार की मांग की तथा निर्धारित क्षमता के नए टावर लगाने की मांग रखी। इसके साथ ही बीना के पोस्ट ऑफिस में हुए बहुचर्चित गबन के संदर्भ में अवगत कराते हुए उपभोक्ताओं के पैसा की वापसी की मांग रखी। जिस पर मंत्री सिंधिया ने हल कराने का आश्वासन दिया।

### भाजपा नगर मंडल का दो दिवस प्रशिक्षण वर्ग आज से प्रारंभ

**बीना।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा नगर मंडल का 28 एवं 29 मार्च को सिंधी धर्मशाला गांधी वार्ड में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग की पूर्व तैयारी को लेकर भाजपा नगर मंडल वर्ग संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रशिक्षण वर्ग से संबंधित नियमावली के दिशा निर्देश एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर, जिला सह कार्यालय मंत्री भूपेंद्र नामदेव, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, मुकेश जैन, महामंत्री आलेख राय, मंडल संयोजक गोविंद तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष ज्योति सराफ, मंडल उपाध्यक्ष प्रहलाद यादव, मंडल मंत्री प्रदीप तिवारी, मंडल कार्यालय मंत्री पंचम विश्वकर्मा, जितेंद्र राय, मयंक जैन, आदित्य सराफ, आशीष वाधवानी, संकल्प जैन प्रशिक्षण वर्ग संचालन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



नगर के मुख्य मार्गों पर नाचते गाते निकाला चल समारोह, मंदिरों को आर्कषक ढंग से सजाया गया


# रामनवमी पर जन आस्था का केंद्र बना भगवान श्रीराम दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर


जिला मुख्यालय पर प्रभु श्री राम जी के दरबार रामनवमी के पर्व से पहले जन आस्था के केंद्र बन गए हैं। इन स्थानों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। रामनवमी के मौके पर मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की जा रही है मंदिरों को आकर्षक लाइट एवं फूलों से सजाया जा रहा है । अशोकनगर जिला मुख्यालय पर अगर राम दरबार की बात करें तो एक नहीं कई राम दरबार के आपके दर्शन हो सकते हैं। राम जन्मभूमि में रामलला का दरबार बनने के बाद अशोकनगर जिला मुख्यालय पर भी कई दरबार देखने को मिले हैं। इन दरबारों में भगवान श्री राम के साथ जानकी जी, लक्ष्मण जी, हनुमान जी, भी साथ में नजर आते हैं। इन मंदिरों में आकर्षक प्रतिमाएं और भगवान के आकर्षक श्रंगार किए गए है। इन मंदिरों में कई दरबार तो ऐसे हैं कि यह देखने के बाद ऐसा लगता है कि इन मंदिरों में ही भगवान के दर्शन करते रहें। प्रतिमाएं अत्यंत मनोहारी हैं।

### आसमानी माता मंदिर पर राम दरबार अनूंठा

ऐसे ही मंदिरो में अशोकनगर के आसमानी माता मंदिर पर भगवान राम का दरबार अद्भुत और अनूठा है यहां प्रतिमाएं लोगों का मन मोह लेती है। राम दरबार में आने के बाद श्रद्धालु आत्म मुग्ध हो जाते हैं।









### पुंडरीकाक्ष मंदिर पर भी आकर्षक दरबार

ऐसा ही दरवार पुंडरीकाक्ष मंदिर पर है। यहां का राम दरबार रामलला के अयोध्या में विराजमान होने के दौरान अस्तित्व में आया था। यहां प्रभु श्री राम का दरबार तो है ही यहां जानकी, लक्ष्मण जी और हनुमान जी भी हैं। रामनवमी से पहले यहां आकर्षक श्रंगार किया गया है

### शिव टोरिया पर भी राम दरबार दर्शनीय

इसी तरह अशोकनगर की शिव टोरिया पर भी राम दरबार दर्शनीय है। यहां भी प्रतिमाएं अद्भुत है यहां पहले ही शिव जी का दरबार था। हनुमान जी का दरबार भी है और साथ में राम जी का दरबार होने के साथ नगर पालिका द्वारा यहां पर आकर्षक झूले लगवाए गए हैं और पूरे स्थान को लोगों की सेहत से जोड़ा गया है। इस कारण यह स्थान लोगों को खूब रास आ रहा है।

### रघुवंशी समाज का राम दरबार भी विशेष

इसी प्रकार का मंदिर रघुवंशी धर्मशाला के पास रघुवंशी समाज द्वारा बनाया गया है। यहां भी राम दरबार की प्रतिमाएं अद्भुत और अद्वितीय हैं। जहां राम जी का दरवार है। वहा हनुमान जी का दरबार है। इसी प्रकार शहर के मंशापूर्ण हनुमान मंन्दिर है। उसी के ठीक सामने रामलला का दरबार बनाया गया है यहां भी राम दरबार की महिमा देखने के लायक है।

### शहर के सराफा बाजार में सबसे पुराना राम दरबार

शहर का सराफा बाजार हनुमान मंदिर शहर के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है, यहां राम जी का दरबार दर्शनीय है। प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचते हैं और यही से रामनवमी के मौके पर चल समारोह का आयोजन किया जाता है। इस मंदिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पूरे दिन मंदिरों में तैयारियां चलती रहे रामनवमी पर अशोकनगर में जयकारे गूंजेंगे।

## अशोकनगर में रामनवमी के मौके पर चल समारोह भक्ति भाव से निकला



यहां की बरसों पुरानी परंपरा के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म जयंती के मौके पर एक चल समारोह का आयोजन किया गया है। इस बार भी यह चल समारोह भक्ति भाव से शहर के सराफा बाजार, हनुमान मंदिर से निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालु भाग लेंगे।

अभी से ही शहर में राम जी के नाम के जयकारे गूंज रहे हैं। शहर में चल समारोह की शुरुआत से पहले मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। चल समारोह की तैयारियां पूरे दिन की जाती रहीं। इस दौरान भगवान को चांदी के विमान में शहर भ्रमण पर निकाला जाएगा। दोपहर 12 भगवान के जन्मोत्सव का उत्सव सराफा बाजार हनुमान मंदिर में मनाया जाएगा। शहर में चल समारोह की शुरुआत दोपहर 3:00 बजे सराफा बाजार हनुमान मंदिर से होगी। यह चल समारोह शहर के विभिन्न मार्गो से निकलेगा शहर के सभी समाज जन इस चल समारोह का हिस्सा बनेंगे। भगवान का यह विमान उत्सव सदर बाजार से सुभाषगंज, स्टेशन रोड, गांधी पाकर्, पुराना बस स्टैंड,पुराना बाजार ,प्रोसेशन रोड, इंदिरा पार्क आदि मार्ग से निकलेगा। जगह जगह भगवान की आरती की जाएगी। समाज से भी संस्थाओं द्वारा चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं का भक्ति भाव से स्वागत किया जाएगा। भजन कीर्तन के आयोजन होंगे। अशोकनगर को राम मय बनाने की तैयारी की जा रही हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं को शहर के राम दरबार में जाते हुए देखा जाएगा।